NATIONAL TESTING AGENCY
Excellence in Assessment
(उच्चतर शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के तहत एक स्वायत्त संगठन)
(An Autonomous Organization under the Department of Higher Education, Ministry of Education, Government of India)

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय BANARAS HINDU UNIVERSITY

सार्वजनिक सूचना

दिनांक: 14.08.2021

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) प्रवेश परीक्षा – 2021

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) शैक्षणिक सत्र 2021-22 में **काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) प्रवेश परीक्षा - 2021** के **स्नातक (यूईटी)** और **स्नातकोत्तर (पीईटी) पाठयकर्मो** में प्रवेश हेतु **कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) मोड** में, का आयोजन नीचे दिए गए विवरण के अनुसार करेगी:

बीएचयू प्रवेश परीक्षा – 2021 के लिए ऑनलाइन पंजीकरण और आवेदन पत्र जमा करने की अवधि	14 अगस्त से 06 सितंबर, 2021 (11:50 pm तक)
शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि	07 सितंबर, 2021 (11:50 pm तक)
परीक्षा की तिथियां	वेबसाइट के माध्यम से बाद में सूचित किया जाएगा
परीक्षा का मोड	कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) / हाइब्रिड (टैबलेट) / पेन और पेपर (आवश्यकतानुसार)
परीक्षा का पैटर्न	वस्तुनिष्ठ प्रकार जिसमें बहुविकल्पीय प्रश्न सम्मिलित है।
कुल टेस्ट पेपर	यूईटी – 23 पीईटी- 94
परीक्षा की भाषा	सूचना बुलेटिन में दिये गए विवरण के अनुसार

जो अभ्यर्थी **बीएचयू प्रवेश परीक्षा-2021 में सम्मिलित** होना चाहते हैं, वे वेबसाइट https://bhuet.nta.nic.in,www.nta.ac.in पर **ऑनलाइन आवेदन** कर सकते हैं। **पाठ्यक्रम कोड, पात्रता मानदंड, पाठ्यक्रम संरचना** इत्यादि का विवरण **सूचना बुलेटिन** पर उपलब्ध है।

अभ्यर्थी **ऊपर निर्दिष्ट अवधि** के दौरान केवल https://bhuet.nta.nic.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि **बीएचयू प्रवेश परीक्षा–2021** के लिए आवेदन करने के पहले वांछित कार्यक्रम हेतु विश्वविद्यालय द्वारा पात्रता मानदंड की जांच कर लें। परीक्षा शुल्क को **डेबिट/क्रेडिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग, यूपीआई या पेटीएम** (विवरण के लिए कृपया सूचना बुलेटिन देखें) का उपयोग करके ऑनलाइन भुगतान करना आवश्यक है। **डिग्री/सर्टिफिकेट** की अंतिम परीक्षा में बैठने वाले अभ्यर्थी भी आवेदन करने के पात्र हैं।

सत्र 2021-22 के लिए **डिप्लोमा/सर्टिफिकेट पाठयकर्मो में प्रवेश हेतु आवेदन प्रक्रिया 14.08.2021 से प्रारंभ होगी**। इच्छुक अभ्यर्थी बीएचयू वेबसाइट (www.bhuonline.in) पर जाकर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

किसी भी **प्रश्न या स्पष्टीकरण** के लिए, अभ्यर्थी **एनटीए हेल्प डेस्क नं. 011 40759000** या bhu@nta.ac.in पर संपर्क कर सकते हैं।

Sadhana Parashar

(डॉ. साधना पाराशर)
वरिष्ठ निदेशक(परीक्षा)